टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा

क्या ऐसी नाराज़ी है याद नहीं अब आती है,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा....

ठोकर इतनी खाई मैंने पल पल धोखे मिले,
सूख गए हैं आँख के आंसू पर तुम क्यों ना मिले,
क्या तुमको तरस नहीं आता है बीटा नहीं सुहाता है,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा.....

तुझको पुकारूँ अर्ज़ गुज़ारूं सुनलो अर्ज़ मेरी,
नैया है टूटी किस्मत रूठी द्केहो तरफ मेरी,
बाबा अब तो आ जाओ नैया पार लगा जाओ,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा....

सुनली अर्ज़ी गले लगाया धीर बंधाया है,
व्यस्त था थोड़ा माफ़ी मैं मांगू सर पे हाथ फिराया है,
अब ना तुमको रोना है ना कहीं पे झुकना है,
करता हूँ ये वादा मैं हूँ तेरा,
साथ रहूँगा हर दम हर पल तेरा,
क्या ऐसी नाराज़ी है याद नहीं अब आती है,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25714/title/toot-gya-kya-rishta-mera-tera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |